खबरें फटाफट

प्लॉट में की हेराफेरी, परिवार के तीन सदस्य नामजद

फरीदाबाद| जाजरू गांव में प्लॉट खरीदी में हेराफेरी करने के आरोप में पुलिस ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस की एक टीम मामले की छानबीन कर रही है। कपड़ा कॉलोनी निवासी ललित शर्मा ने सदर बल्लभगढ़ थाने में दी शिकायत में कहा कि उन्होंने एक प्लॉट जाजरू निवासी हुकम सिंह, इनकी पत्नी जलवंती व बेटे राजेश कुमार से गांव में ही एक प्लॉट खरीदा था। उनको प्लॉट बेचने के बाद इन तीनों ने यह प्लॉट किसी और को बेच दिया। उन्हें कई दिन बाद इस बारे में पता लगा। उन्होंने तीनों आरोपियों से बात की। तीनों ने उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करेगी।

ट्रस्ट ने किया मां भगवती का जागरण

फरीदाबाद | सेक्टर-23 संजय कॉलोनी में जनजागृति मिशन ट्रस्ट ने मां भगवती जागरण का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन पंडित दूधनाथ दुबे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा व सौहार्द की भावना जागृत होती है। संयोजक योगेंद्र राय ने कहा कि माता रानी सबको प्रेरणा देती है। श्रमिक नेता सीके राय ने कहा कि आने वाला समय परिवर्तनकारी है। ऐसे में सभी को मिल जुलकर समाज को बेहतर बनाने की शपथ लेनी चाहिए। यह माता के आशीर्वाद से पूरा हो सकता है। इस मौके पर संस्था के एसएन दुबे, विजय राय, सुनील झा, अनिल शर्मा, धन जी राय, राजेंद्र सिंह, डॉ. राजवीर सिंह, जयपाल सिंह, दशरथ, रमेश यादव, धर्मराज गुप्ता, संजीव कुशवाहा, केके शाह, केके सिन्हा व आरएस प्रसाद मौजूद थे।

इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड से आयशर सम्मानित

फरीदाबाद. आयशर स्कूल के बच्चे व टीचर्स अवार्ड के साथ।

फरीदाबाद | ब्रिटिश काउंसिल द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड प्रतियोगिता में सेक्टर-46 स्थित आयशर स्कूल ने शानदार सफलता अर्जित की। विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार स्कूल ने प्राप्त किया। इससे छात्रों, शिक्षकों व प्रबंधन में खुशी की लहर है। छात्रों व शिक्षकों ने शुक्रवार को मीडिया से अपने अनुभव बांटे। ब्रिटिश काउंसिल द्वारा विश्व के विभिन्न स्कूलों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसमें 100 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया था। 25 स्कूलों ही काउंसिल के पैरामीटर को पूरा कर पाए। जिले का यह पहला स्कूल है। जिसे इस पुरस्कार मिलने जा रहा है। तीन चरणों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सभी में स्कूल के छात्र अव्वल रहे। इसमें स्कूल के सभी 1800 छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मिलकर काम करने की भावना विकास करना, भूमंडलीय स्तर पर सहयोग के तत्पर रहना था। डायरेक्टर अर्जुन जोशी व आईएसएम की को-ऑर्डिनेटर अर्पणा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 7 प्रोजेक्ट पूरे करने थे। इसमें स्कूल के सभी छात्रों ने हिस्सा लिया। यूकेजी व फर्स्ट के बच्चों ने विभिन्न देशों के द्वारा खेले जाने वाले खेलों की जानकारी हासिल की।

श्रद्धांजलि

फरीदाबाद. नेपाल में आए भूकंप में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए क्राउन प्लाजा में कैंडल जलाते लोग।

डॉक्टर की रिपोर्ट के बाद तय होगी सीआईए पर कार्रवाई

छात्र पर थर्ड डिग्री का मामला

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

पुलिस की थर्ड डिग्री से सातवीं कक्षा के एक छात्र द्वारा जहर पीने के मामले में अब डॉक्टर की रिपोर्ट पर नजरें टिकी हैं। संभावना है कि शनिवार को छात्र अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाएगा। इसके बाद डॉक्टर द्वारा बनाई जाने वाली रिपोर्ट सीआईए डीएलएफ के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई तय करेगी। इस रिपोर्ट में यह देखा जाएगा कि मारपीट किस स्तर की थी, चोटें कितनी गहरी हैं, चोटें कैसे और कब आईं और छात्र की हालत कैसी है। पुलिस टीम एक्सरे से लेकर अन्य टेस्टों की भी जांच करेगी। उधर शुक्रवार को कई सामाजिक संगठनों ने हाथों में तख्ती लेकर अस्पताल के पास प्रदर्शन कर न्याय की मांग की।

छात्र के बयान लेंगे डीसीपी : डीसीपी सेंट्रल विजय प्रताप का कहना है कि अभी जल्दबाजी में कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। छात्र पर थर्ड डिग्री का बड़ा मामला है। इसलिए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अभी छात्र ने उन्हें बयान नहीं दिए हैं। छात्र के बयान लिए जाएंगे। इसके बाद डॉक्टरों की रिपोर्ट देखी जाएगी।

छात्र ने लगाया है आरोप : डबुआ कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने बताया कि उनका 15 साल का बेटा निजी स्कूल की सातवीं कक्षा में पढ़ता है। 25 अप्रैल को सीआईए डीएलएफ की एक टीम उनके बेटे को उठाकर ले गई। बेटे पर चोरी का एक मोबाइल बिकवाने का आरोप लगाया गया था। छात्र का आरोप है कि सीआईए डीएलएफ के पुलिसकर्मियों ने उसे उल्टा लटकाया। उसके सिर को पानी में डुबोया। इसके अलावा उसके नाखून उखाडऩे की कोशिश की। इससे उसके पैर में जख्म हो गए। पुलिसकर्मी ने उसके कान मरोड़े। इससे कानों में सूजन और दर्द हो रहा है। इसके अलावा उसके कमर पर जमकर डंडे बरसाए और लात घूंसों से पीटा। वह पुलिस की थर्ड डिग्री से डर गया। पिटाई से उसकी हालत खराब हो गई। इसलिए पुलिसवाले छात्र को मंगलवार शाम घर छोड़कर चले गए थे।

शिक्षामंत्री ने किसानों को मुआवजे के चेक बांटे

मंत्री ने गांव ताजपुर, करनेरा, सिकरोना, मोहला, खंदावली व सीकरी व अन्य गांवों के करीब 100 किसानों को चेक दिए

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

फरीदाबाद. किसानों को मुआवजे के चेक देते शिक्षा मंत्री राम बिलास शर्मा, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक विपुल गोयल एवं विधायक मूलचंद शर्मा।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने शुक्रवार को किसानों को मुआवजे के चेक बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। किसानों को तुरंत व पर्याप्त रूप में दी जा रही फसली मुआवजा राशि देना इसका साक्षात प्रमाण है। सरकार ने 75 फीसदी तक हुए फसल खराब पर प्रति एकड़ 12 हजार रुपए की मुआवजा राशि किसानों को देने का निर्णय लिया है। इस बार किसान की फसल पैदावार चाहे जैसी भी रही हो उसका एक-एक दाना खरीदा जा रहा है और 30 अप्रैल तक प्रदेश की मंडियों में 57 लाख टन गेहूं खरीदा जा चुका है। रामबिलास शर्मा शुक्रवार को सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में पीड़ित किसानों को मुआवजे राशि के चेक बांटने आए थे। उनके साथ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व विधायक विपुल गोयल, मूलचंद शर्मा, सीमा त्रिखा व टेकचंद शर्मा भी मौजूद थे।

8 किसानों को मिले एक लाख से अधिक के चेक

शुक्रवार को 100 किसानों को करीब 18 लाख रुपए के चेक बांटे गए थे। मंत्री ने चेक वितरण समारोह में जिले के गांव ताजपुर, करनेरा, सिकरोना, मोहला, खंदावली व सीकरी व अन्य गांवों के करीब 100 किसानों को 18 लाख रुपए के चेक दिए। आठ किसानों को एक लाख रुपए से अधिक राशि के चेक दिए गए। लाभार्थी किसान बुधराम नागर, चरनसिंह, ईश्वर सिंह, रघुबर, श्रीपाल, बलजीत नंबरदार, अमरपाल नागर, बाबूराम, सिंगराज, रंजीत व जगदीश नागर ने केंद्र व राज्य सरकार की तारीफ की।

किसान खुशहाल तो देश करेगा तरक्की : गुर्जर

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के पीएम नरेन्द्र मोदी की सोच है कि यदि देश का किसान खुशहाल नही है तो देश भी खुशहाल नही हो सकता और उनकी इसी सोच का प्रमाण है कि देश के अन्य कई प्रदेशों के साथ-साथ हरियाणा में भी बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि से किसान की रबी सत्र की फसल के नुकसान के मुआवजे 1062 करोड़ रुपए तुरंत तय कर पूरे प्रदेश में बांटना शुरू कर दिया गया है। डीसी डा. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा यदि किसी भी किसान को गिरदावरी से संबंधित कोई समस्या है तो उसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में दस टीमों का गठन किया गया है जो इस प्रकार की समस्याओं को दूर करने का काम करेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव दीपक मंगला, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय गौड़, संदीप जोशी, राजेश नागर, नयनपाल रावत, नरेंद्र गुप्ता, पार्षद ओमप्रकाश रक्षवाल व राजपाल के अलावा पुलिस कमिश्नर सुभाष यादव, फरीदाबाद के एसडीएम महाबीर प्रसाद, जिला राजस्व अधिकारी कुलबीर सिंह ढाका तथा फरीदाबाद के तहसीलदार कृष्ण कुमार मौजूद थे।

छात्रों ने कर्मचारियों को फूल देकर मनाया श्रमिक दिवस

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

फरीदाबाद. अरावली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने श्रमिकों को किया सम्मानित।

अरावली इंटरनेशनल स्कूल में अनूठे रूप से मजदूर दिवस मनाया गया। पहले विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिससे छात्र इस श्रमिक वर्ग की महत्ता को समझ सकें। इसका उद्देश्य छात्र यह जान सकें कि ये वर्ग किसी भी समाज, देश या संस्था के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन मेहनतकशों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं रह सकता।

इस सभा में स्कूल में कार्यरत सभी मेहनतकशों को बुलाया गया। उनका स्वागत किया गया। छात्रों ने सभी श्रमिकों को चॉकलेट, फूल तथा उपहार प्रदान किए। अपने प्रति इतनी श्रद्धा एवं प्रेम देखकर सभी श्रमिक वर्ग अभिभूत हो गए। सभी छात्रों, अध्यापिकाओं प्रिंसिपल एवं स्कूल के अध्यक्ष का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल जयश्री गुप्ता ने उन्हें मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में बधाई दी। सभी का प्रतिदिन निस्वार्थ सेवा भावना से कार्य करने पर धन्यवाद दिया। चेयरमैन धनसिंह भड़ाना ने भी उनकी संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए दिए गए अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इस सभा का समापन राष्ट्रीय गीत से किया गया।

कनपटी पर लगाया कट्टा, आंखों में मारा स्प्रे और लूट ली चेन

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

शहर में हथियारों के बल पर लूटपाट लगातार बढ़ती जा रही हैं। कुछ दिन में कई वारदात हो चुकी हैं। इनमें से एक भी वारदात को पुलिस ट्रेस नहीं कर पाई है। इस कारण शहरवासी भयभीत हैं।

सोने की चेन लूटी : पल्ला पॉवर हाउस कॉलोनी के मकान नंबर 222 में रहने वाले सुरेश यादव ने सराय ख्वाजा थाना पुलिस को बताया कि वह रोज सुबह सैर करने जाते हैं। गुरुवार को वह घर से सैर करने के लिए गए थे। एसएसएम स्कूल के पास रोड पर एक होंडा सिटी कार खड़ी थी। जब वह कार के पास पहुंची तो इसके अंदर से एक युवक उतरा। उसने अपने हाथ में लिया हुआ कट्टा उनकी कनपटी पर लगा दिया। इसके बाद उनकी आंख में स्प्रे मार दिया। इसके बाद उनकी आंख में जलन होनी लगी। कार सवार युवक उनके गले से सोने की चेन को लूटकर फरार हो गए। उन्होंने शोर मचाया लेकिन युवक फरार हो चुका था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।

इससे पहले हुई लूट: सेक्टर-17 में रहने वाले कृष्णा ने सेंट्रल थाने में दी शिकायत में कहा कि वह सेक्टर-12, टाउन पार्क में घूमने के लिए आए थे। यहां काफी देर रुकने के बाद वह वापस जाने लगे। तभी एक बाइक पर दो युवक आए। उन्होंने उन्हें रोक लिया और कहा कि तुमने एक्सीडेंट किया है। इसके बाद युवक बाइक की चाभी छीनने लगे। कृष्णा ने चाभी अपनी जेब में रख ली। दोनों युवकों ने इसको थप्पड़ मारे और चाभी जेब से निकाल ली। इसके बाद उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। इसके अलावा सेक्टर-3 में रहने वाले दुकानदार श्याम सुंदर से बाइपास रोड पर मंगलवार रात हथियार के बल पर 48 हजार रुपए लूट लिए। 25 अप्रैल को ही टाउन नंबर पांच में रहने वाले पंकज से बीके अस्पताल के पास सोने की चेन को लूट लिया गया।